इनोवेशन अपनाकर मप्र बनेगा उद्यमिता का हब : मुख्यमंत्री

- सिंहासा आईटी पार्क में किया लांचपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर का लोकार्पण
- विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से भी चर्चा की

इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है. आज मध्यप्रदेश का युवा अपनी सोच को आकार देकर नए-नए इनोवेशन कर आईटी तकनीकी के माध्यम से स्टार्टअप कर रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश स्टार्टअप एवं इनोवेशन को अपनाते हुए उद्यमिता विकास का हब बन जाएगा.

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के सिंहासा में स्थित आईटी पार्क में बने लॉन्चपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण आज दुनिया तेजी से बदल रही है. आज के समय में इंसान को उसके ज्ञान से ही मापा जाता है. उन्होंने कहा कि युवा नवीन तकनीकी को अपनाएं और स्टार्टअप करें एवं दूसरों को रोजगार देने वाले सफल उद्यमी बने. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, महेन्द्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, उषा ठाकुर, मनोज पटेल, सावन सोनकर, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा तथा नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल उपस्थित थे.

लांचपेड सेंटर का किया निरीक्षण: लॉन्चपेड इनोवेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं द्वारा अपनी सोच को नवीन तकनीकी से आकर देकर निर्मित की गई अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत वर्ष इस सेंटर का भूमि पूजन किया था और आज उसके लोकार्पण अवसर पर युवाओं की आधुनिक सोच एवं आइडियाज को देखकर अति प्रसन्नता हो रही है.

युवाओं को काम करने का मौका दें: कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से भी चर्चा की. इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने सभी उद्यमियों से कहा कि अपनी कंपनियों में युवाओं को काम करने का मौका दे एवं उन्हें अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए. हमारे देश में युवाओं के पास एक नई एवं आधुनिक सोच है हमारा देश चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर आगे बढ़ रहा है.

स्टार्टअप वाले युवाओं से किया संवाद

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने आइडिया से स्टार्टअप शुरू करने वाले युवा उद्यमियों से चर्चा की. इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने युवा उद्यमियों से जाना की वे किस क्षेत्र में कार्य कर रहे है. युवाओं के कार्यों के बारे में जानकर उनका हौंसला बढ़ाते हुए कहा की किसी भी कार्य को करने की अगर हमारी मंशा सही है तो उस कार्य में हमें अवश्य ही सफलता मिलती है. कार्यक्रम के दौरान भारतीय औद्योगिक प्रबंध संस्थान इंदौर के निदेशक सुभाष एस जोशी ने बताया कि लॉन्चपैड: इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर की स्थापना आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन (आईआईटी इंदौर का टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन एवं रिसर्च पार्क) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के संयुक्त सहयोग से की गई है. इस केंद्र का उद्देश्य डीप-टेक नवाचार को प्रोत्साहित करना, उच्च प्रभाव वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना, उन्नत विनिर्माण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में प्रदेश को सशक्त बनाना और उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

इंदौर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का लोकार्पण

यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को तेजी से किया जा रहा मजबूत

नवभारत न्यूज

इंदौर. इंदौर स्थित देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-1 का लोकार्पण केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजू रापु राममोहन नायडू ने किया. इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. कार्यक्रम में इंदौर के सांसद शंकर लालवानी के प्रयासों की सराहना भी की गई.

करीब 42 करोड़ रुपये की लागत से बने इस आधुनिक टर्मिनल में 14 हाईटेक चेक-इन काउंटर, 3 बोर्डिंग गेट, वीआईपी लाउंज, विशाल वेटिंग एरिया, उन्नत सुरक्षा प्रणाली और आधुनिक बैगेज हैंडलिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं. इसके साथ ही पार्किंग, अलग आगमन-प्रस्थान मार्ग, टिकट काउंटर और कमर्शियल स्पेस भी विकसित किए गए हैं. टर्मिनल के साथ उड़ान यात्री कैफे का भी उद्घाटन किया गया, जहां यात्रियों को मात्र 10 रुपये में चाय और पानी तथा 20 रुपये में पोहा जैसे किफायती विकल्प मिलेंगे. यह पहल एयरपोर्ट पर महंगे खानपान से राहत दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है.

शहर के आर्थिक विकास को मिलेगी नई दिशा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नया टर्मिनल इंदौर के धार्मिक पर्यटन, अंतरराष्ट्रीय यात्राओं और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, जिससे शहर के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को तेजी से मजबूत किया जा रहा है और प्रदेश में हर 150 किलोमीटर पर एक कमर्शियल एयरपोर्ट, 75 किलोमीटर पर एक एयरस्ट्रिप और 45 किलोमीटर पर एक हेलीपैड विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है. वर्तमान में एटीआर विमान सेवाओं को इस टर्मिनल से संचालित किया जाएगा, जिससे प्रतिदिन लगभग 2,700 से अधिक यात्रियों का आवागमन यहां से होगा. इससे न्यू टर्मिनल बिल्डिंग पर पीक समय में पडने़ वाला दबाव कम होगा और यात्रियों को अधिक सहज अनुभव मिलेगा।

अमेरिका-इजरायल के हुक्म से चल रहा भारत : दिग्विजय

नव भारत न्यूज

इंदौर. भारत की विदेश नीति ठीक नहीं है. जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने देश की अस्मिता से कभी समझौता नहीं किया. आज भारत कभी चीन, अमेरिका और इजरायल के हुकुम से चल रहा है. अमेरिका पूरे विश्व में कच्चे तेल क्रूड ऑयल पर कब्जा जमाना चाहता है, इसलिए युद्ध दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए कर रहा है. अमेरिका और इजरायल शेयर बाजार से करोड़ों रुपए कमा रहे है. उक्त बात पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कही.

रविवार को इंदौर आए दिग्विजय ने कहा कि इजरायल के बेंजामिन नेतन्याहू पर भारी भ्रष्टाचार के आरोप है, उससे बचने के लिए युद्ध कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि पंडित नेहरू का विश्व में लोहा माना जाता था। उस समय हमारे पास संसाधन भी नहीं थे। इंदिरा गांधी ने अमेरिकी निकसन को ललकार दिया । मतलब यह कि देश की अस्मिता से समझौता नहीं किया गया. उन्होंने वर्तमान सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि आज हमारी स्थिति यह है कि हम कभी चीन, कभी अमेरिका और कभी इजरायल के हुकुम से चल रहे हैं. अमेरिका पूरी दुनिया के तेल पर कब्जा जमाना चाहता है. ईरान से समझौता हो रहा था, लेकिन परमाणु बम होने की आशंका के चलते युद्ध शुरू कर दिया. इसी तरह अमेरिका ने पहले सद्दाम हुसैन के खिलाफ भी यही किया था. ट्रंप युद्ध रोकने की बात करते हैं तो क्रुड ऑयल के दाम गिर जाते हैं और युद्ध करते हैं तो दाम बढ़ जाते हैं. अमेरिका और इजरायल इस तरह से शेयर बाजार में करोड़ों रुपए कमा रहे हैं. अभी ईरान के जवाब के बाद ट्रंप को समझ नहीं आ रहा है कि अब करना क्या है?

सीएम और पूर्व सीएम ने सज्जन वर्मा निवास पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना

नव भारत न्यूज

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने सज्जन वर्मा के निवास पर स्व. सुभद्रा वर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की.

मुख्यमंत्री यादव ने सज्जन सिंह वर्मा एवं उनके परिजनों से संवेदनाएं व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, विधायकगण रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, भाजपा नेता हरिनारायण यादव सहित भाजपा के कई जनप्रतिनिधि भी थे.

मुख्यमंत्री यादव के जाने के बाद शाम 4.30 बजे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह वर्मा के पलसीकर कॉलोनी स्थित निवास पर स्व. सुभद्रा वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे. उन्होंने सज्जन सिंह वर्मा एवं शोक संतप्त परिवार से भेंट कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की. इस दौरान उन्होंने वर्मा की पत्नी के इलाज में लापरवाही की जांच कराने की बात कहते हुए कहा कि हमारे परिवार की बहू के निधन पर मैं समय पर नहीं आ सका, इसका मुझे खेद है. साथ ही सज्जन वर्मा की तारीफ करते हुए बोले कि मैं इस बात से खुश हूं कि पूरा परिवार एक ही जगह रहता है. दिग्विजय सिंह के श्रद्धांजलि अर्पित करते समय पं. कृपा शंकर शुक्ला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, रामवीर सिंह सिकरवार (शाजापुर), राजेश चौकसे, मनोहर धवन, अशोक धवन, राजेंद्र मालवीय, पूर्व जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव, मनोज राजानी (देवास), डॉ आनंद राय, केदार सिरोही, राजा चौकसे, लीलाधर करोसिया, सूवेग राठी, प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया, उत्कर्ष वर्मा, गिरीश जोशी, लोकेश हार्डिया, अभिजीत बिट्टू शर्मा, अंकित धवन, गुरजोत गिल, ब्लॉक अध्यक्ष विशाल चतुर्वेदी, भरत जिनवाल, जतिन थोरात सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे.

एक नजर में

संस्था रचनाकार त्रिवेणी का गठन

इंदौर . साहित्य, कला, संस्कृति के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्था रचनाकार त्रिवेणी का विधिवत गठन हुआ. इंदौर प्रेस क्लब में हुई औपचारिक बैठक में स्थापक संध्या रायचौधरी के निर्देशन में सर्वसम्मति से अध्यक्ष मीनाक्षी पुराणिक, सचिव तृप्ति भूतड़ा,संयोजक मणिमाला शर्मा,वित्त प्रबंधक महिमा वर्मा एवं समन्वयक संध्या राणे, संगीता चौहान बनाई गई. अध्यक्ष मीनाक्षी पुराणिक ने बताया संस्था में मुख्य सलाहकारों की भूमिका में जानेमाने व्यक्तित्व डॉ नीहार गीते, डॉ ऋषिना नातू, डॉ रजनी भंडारी, अनुप्रिया देवताले के नाम शामिल हैं. उन्होंने बताया 105 सदस्यों के साथ निर्मित संस्था रचनात्मक सृजनात्मक नवाचारों की दिशा में अग्रसर रहेगी,रचनाकारों को अभिव्यक्ति के अधिक अवसर मिलें मुख्यत: ऐसे आयोजन होंगे. संस्था यूट्यूब, फेसबुक लाइव,पॉडकास्ट के माध्यम से विविध कलाओं को प्रदर्शित करेगी.

लघु कथा संग्रह का किया विमोचन

इंदौर . इरा साहित्य मंच द्वारा एक साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ लघुकथाकार योगेंद्र नाथ शुक्ल विशेष अतिथि कहानीकार एमएल चतुर्वेदी, मुख्य अतिथि पोदार इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य सुधीर महाजन ने की. साहित्य मंच की अध्यक्ष श्रीमती वीना सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर पदचिन्ह लघु कथा संग्रह का विमोचन किया गया जिसकी लेखिका अलीशा सक्सेना और वीना सक्सेना थी. स्वागत गौरव सक्सेना, पल्लवी सक्सेना, सुभाष सक्सेना, वेदिका सक्सेना, नीलम श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, अर्चना सक्सेना के माध्यम से किया. सरस्वती वंदना संगीता श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव द्वारा की गई. संचालन मुकेश इंदौरी द्वारा किया गया. आभार नीलम श्रीवास्तव ने माना.

भगवान महावीर के उपदेश लोकोपयोगी

इंदौर . जैन पत्रकार परिषद के तत्वावधान में शंकराचार्य मठ उज्जैन में महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर आयोजित आचार्य विश्वरत्नसागर सुरीश्वरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में जैन पत्रकारों के कर्तव्य पर संगोष्ठी एवं एवार्ड समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एवं ज्योतिषाचार्य एम के जैन को श्रेष्ठ रिपोर्टिंग एवं प्रसारण के लिये सम्मानित किया गया. इस अवसर पर शैलेन्द्र श्रीमाल, राकेश सोनी के अलावा प्रदेश के अन्य वरिष्ठ जैन पत्रकारों का भी अभिनन्दन किया गया, महाराज साहब ने कहा कि जैन पत्रकारों को भगवान महावीर के लोकोपयोगी उपदेशों को जन जन तक पहुंचा कर लोक और परलोक सुधारने के लिये सचेत करना होगा. संयोजक दीपक दुग्गड़ ने आभार व्यक्त किया

पश्चिम रेलवे ने बढ़ाए स्पेशल ट्रेनों के फेरे, यात्रियों को मिलेगी राहत

- रतलाम मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों का विस्तार
- जुलाई 2026 तक बढ़ाई गई अवधि

इंदौर. यात्रियों की सुविधा और बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने रतलाम मंडल से गुजरने वाली कई स्पेशल ट्रेनों के फेरों को आगे बढ़ा दिया है. मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार इन ट्रेनों का विस्तार अलग-अलग तिथियों तक किया गया है.

मुख्य विस्तारित ट्रेनें है- मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल- 09075: 29 अप्रैल तक, 09076: 30 अप्रैल तक, मुंबई सेंट्रल- कानपुर अनवरगंज स्पेशल- 09185: 26 जुलाई तक व 09186: 27 जुलाई तक, बांद्रा टर्मिनस- भिवानी स्पेशल- 09005: 29 जुलाई तक 09006: 30 जुलाई तक, अहमदाबाद-पटना स्पेशल- 09447: 29 अप्रैल तक, 09448: 01 मई तक, इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल 09309: 28 जून तक (22 व 24 मई को रद्द), 09310: 29 जून 2026 (23 व 25 मई को रद्द), डॉ. अंबेडकर नगर: पटना स्पेशल, 09343: 25 जून तक, 09344: 26 जून तक. साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें है- इंदौर:खडकी- 09324: 29 जुलाई तक, 09323: 30 जुलाई तक, बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी- 04828: 12 जुलाई तक, 04827: 11 जुलाई तक, बांद्रा टर्मिनस-जयपुर, 09706: 13 जुलाई तक, 09705: 12 जुलाई तक, वडोदरा-गोरखपुर 09111: 27 जुलाई तक, 09112: 29 जुलाई तक, वडोदरा- मऊ 09195: 25 जुलाई तक व 09196: 26 जुलाई तक, बीकानेर-साई नगर शिरडी 04715: 11 जुलाई तक व 04716: 12 जुलाई तक, अजमेर-सोलापुर 09627: 15 जुलाई तक व 09628 16 जुलाई तक, हिसार-वलसाड 04727: 15 जुलाई तक व 04728: 16 जुलाई तक.

ऐप से ले सकते हैं जानकारी

जानकारी के लिए यात्री ट्रेनों के समय, ठहराव और कोच संरचना की विस्तृत जानकारी रेलवे के आधिकारिक ऐप रेलवन के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं.

इंदौर में 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू, 90 केंद्र निर्धारित

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा. शासन के निर्देशानुसार यह खरीदी 5 मई 2026 तक जारी रहेगी, जिसमें केवल पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन किया जाएगा.

खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिले में कुल 90 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं. इनमें 65 गोदाम स्तरीय केंद्र, 13 समिति स्तरीय केंद्र, 7 सायलो (स्टील सायलो) केंद्र और 5 मंडी स्तरीय केंद्र शामिल हैं. किसानों की सुविधा के लिए स्लॉट बुकिंग व्यवस्था लागू की गई है. किसान अपनी सुविधा अनुसार तिथि चुनकर निर्धारित केंद्र पर गेहूं बेच सकेंगे. स्लॉट बुकिंग के लिए किसान एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर या स्वयं वेबसाइट के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं.

समाधान योजना में एकमुश्त भुगतान करने पर सरचार्ज में 70% से 90% तक की छूट

नवभारत न्यूज

इंदौर. मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तीन माह से अधिक के बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं को 31 मार्च तक लागू समाधान योजना का लाभ देने की बात कही.

इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में बड़ी राहत दी जा रही है, जिसमें एकमुश्त भुगतान करने पर सरचार्ज में 70% से 90% तक की छूट, किश्तों में भुगतान का विकल्प चुनने पर और पहली किश्त तुरंत जमा करने पर 50% से 60% तक की छूट जैसा लाभ उपभोक्ता को मिलेगा. कंपनी क्षेत्र में अब तक 8.78 लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित कुल 37.57 करोड़ रुपए की सरचार्ज माफी दी गई. कंपनी को लगभग 264 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ

जिलावार स्थिति...

इंदौर जिला- 96 हजार से अधिक उपभोक्ता (सबसे अधिक)
खरगोन जिला- करीब 92 हजार उपभोक्ता
उज्जैन जिला- लगभग 91,500 उपभोक्ता
रतलाम जिला- करीब 78,200 उपभोक्ता
अन्य जिलों में 26 हजार से 66 हजार तक उपभोक्ताओं को लाभ मिला.
अंतिम तिथि 31 मार्च से पहले यदि उपभोक्ता एक मुश्त राशि जमा करता है तो बकाया बिलों का भुगतान पर सरचार्ज से राहत मिल सकती है.

राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में रतलाम मंडल के कर्मचारियों ने बढ़ाया गौरव

इंदौर. सीनियर नेशनल शतरंज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 16 से 22 मार्च 2026 तक रायपुर में हुआ, जिसमें भारतीय रेल की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया. टीम 'ए' ने स्वर्ण पदक और टीम 'बी' ने कांस्य पदक जीतकर रेल का नाम रोशन किया. रतलाम मंडल के लिए यह उपलब्धि खास रही। टीम 'ए' में शामिल श्री हिमल गुसाई जूनियर क्लर्क, स्टोर ने स्वर्ण पदक जीतने में योगदान दिया, वहीं टीम 'बी' के सदस्य आयुष शर्मा सीसीटीसी, डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन ने कांस्य पदक हासिल किया. इस सफलता पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी.

मेडिकैप्स विश्वविद्यालय में अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन का आह्वान

इंदौर प्रदेश महासचिव एनएसयूआई मध्यप्रदेश शुभम सिंह दरबार ने बताया कि मेडिकैप्स विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं, खराब व्यवस्थाओं और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में 1 अप्रैल को घेराव एवं जंगी प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा. उन्होंने सभी छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर एकजुटता दिखाने की बात कही. शुभम सिंह ने कहा कि यह आंदोलन केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई है. अब अन्याय सहन नहीं किया जाएगा. छात्रों से आह्वान किया गया—डरो मत, झुको मत, अपने हक के लिए आगे बढ़ो.

एक नजर में | लाभमंडपम में 'नादब्रह्म' की सुरमयी महफिल, 'गोल्डन बीट्स' का आयोजन

सुरीली आवाज से समां बांधा, श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

इंदौर. लाभमंडपम सभागार में रविवार को आयोजित संगीतमय कार्यक्रम नादब्रह्म- सप्तरंगी स्वर लहरियां (भाग 12) ने इंदौर के संगीत प्रेमियों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया. 'गोल्डन बीट्स' थीम पर आधारित इस संगीतमय शाम ने सभागार को सुरों और तालियों की गूंज से भर दिया.

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीतों से हुआ, जिनमें हर हर शम्भो, देवा श्रीगणेशा, मंगल भवन अमंगल हारी और हम कथा सुनाते राम जैसी भक्ति रचनाओं ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया. इसके बाद एक से बढ़कर एक मुख्य प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में रोशन तुम्हीं से दुनिया, लता जी की मेडले, सांसों की जरूरत है, माना हो तुम बेहद हंसी, मोहे रंग दो साल, डोली तारो ढोल बाजे, क्या यही प्यार है, पिया तोसे नैना लागे रे जैसे गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया. विशेष आकर्षण रहा डांस एण्ड ड्रम ब्लास्ट जिनमें ताल से ताल मिलाने वाले जोशीले गीतों और कव्वाली को दर्शकों की खूब तालियाँ मिलीं. संयोजिका ममता मेहता ने कार्यक्रम के बारे में कहा नादब्रह्म का यह 12वां संस्करण हमारे लिए गर्व और आनंद का विषय है. 'गोल्डन बीट्स' के अंतर्गत हमने उन सदाबहार धुनों को फिर से जीवंत किया, जिन्होंने दशकों से हमारे दिलों पर राज किया है. इंदौर के संगीत प्रेमियों ने जिस उत्साह और प्रेम से इस महफ़िल को अपनाया, वह हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है.

इन्होंने ने दी प्रस्तुति...

इस संगीतमय शाम में शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने मंच संभाला. चिकित्सा जगत से डॉ. अमिताभ गोयल, डॉ. संजय भटनागर, डॉ. मिताली श्रीमाल और डॉ. सुरेखा सोनी ने अपनी गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया. वहीं व्यवसाय जगत से आशुतोष कडेल, मयंक खण्डेलवाल और नरेश शुक्ला ने अपनी सुरीली आवाज़ से समां बाँधा. कुछ गीतों को एक विशेष सुरीली आवाज आशा निसरगंध की मिली और स्वरांश टीम ने कोरस के माध्यम से सुरों में मधुरता घोली. संचालन ममता मेहता ने, गीत संयोजन दीपेश जैन एवं उनकी टीम द्वारा किया गया.